SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 3 (TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON-3 श्याम और बूढ़ी गाय , व्याकरण – मात्राएँ

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) मदद - सहायता

वाक्य – हमें दूसरों की मदद करनी चाहिए |

ख) सफल – कामयाब

वाक्य – श्याम के पिता एक सफल व्यापारी बन गए |

ग) मात्रा – परिमाण

वाक्य – हमें पौधों में खाद पर्याप्त मात्रा में डालना चाहिए |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) श्याम के पापा को एक नई दिशा मिल गई |

ख) किचन गार्डन में एक छोटा-सा गड्ढ़ा खोदा |

ग) बीस – पच्चीस दिनों के बाद पहले गड्ढ़े में खाद तैयार हो गई |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) श्याम कितने वर्ष का था ?

उत्तर- श्याम दस वर्ष का था |

ख) श्याम कैसा बालक था ?

उत्तर - श्याम बहुत ही दयालु और समझदार बालक था |

ग) श्याम के पड़ोसी का क्या नाम था ?

उत्तर- श्याम के पड़ोसी का नाम मदन था |

घ) श्याम अपने पापा से किसे खरीदने की ज़िद कर रहा था ?

उत्तर- श्याम अपने पापा से एक बूढ़ी गाय को खरीदने की ज़िद कर रहा था |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) श्याम क्या देखकर रोने लगा ?

उत्तर- श्याम यह देखकर रोने लगा कि मदन काका अपनी बूढ़ी व लाचार गाय को एक कसाई के हाथों बेच रहे हैं |

ख) श्याम को किस प्रकार बूढ़ी गाय की उपयोगिता पता चला ?

उत्तर- श्याम को पता था कि गाय के गोबर से खाद बनाई जा सकती है , जो सब्जियों के जीवन के लिए लाभदायक है | इस प्रकार श्याम को बूढ़ी गाय की उपयोगिता पता चल गया |

ग) श्याम के पिता एक सफल व्यापारी कैसे बने ?

उत्तर- श्याम के पिता बूढ़ी और लाचार गायों को खरीदकर उनकी देखभाल करने लगे और पर्याप्त मात्रा में खाद बनाने लगे | जिससे आगे चलकर वे एक सफल व्यापारी बने |

व्याकरण पाठ ३ – मात्राएँ

परिभाषा – व्यंजन के साथ स्वर का जो चिह्न लगता है , वह मात्रा कहलाता है |

स्वर	मात्रा	शब्द
अ	मात्रा नहीं होती	कल , कलम
आ	ा	काला , काल
इ	ि	किला , किसान
ई	ी	मीठा , कीमत
उ	ु	सुत , कुली
ऊ	ू	कूल , सूरत
ऋ	ृ	कृपा , नृप
ए	े	शेर , मेला
ऐ	ै	कैसा , कैलाश
ओ	ो	ओस , मोर
औ	ौ	औरत , कौआ